प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 102/2023)

तत्काल प्रकाशन के लिए

<u>भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण</u>

भादूविप्रा के परामर्श पत्र ''प्रसारण एवं केबल सेवाओं के लिए विनियामक ढांचे की समीक्षा'' पर टिप्पणियों और प्रतिटिप्पणियों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार ।

नई दिल्ली, **03 अक्टूबर 2023:** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 08 अगस्त 2023 को ''प्रसारण एवं केबल सेवाओं के लिए विनियामक ढांचे की समीक्षा'' पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। इस परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर हितधारकों से टिप्पणियां और प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि प्रारंभ में क्रमश: 05 सितंबर 2023 और 19 सितंबर 2023 निर्धारित की गई थी।

2. हितधारकों से टिप्पणियां प्राप्त करने की समय सीमा को बढ़ाने के संबंध में प्राप्त अनुरोधों को देखते हुए, लिखित टिप्पणियां और प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि को बढाकर क्रमशः 19 सितंबर 2023 और 3 अक्टूबर 2023 किया गया था।

3. बाद में, हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों के दृष्टिगत, टिप्पणियां और प्रति-टिप्पणियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर क्रमशः 3 अक्टूबर 2023 और 17 अक्टूबर 2023 किया गया।

4. अब, उपर्युक्त परामर्श पत्र पर टिप्पणियां प्रस्तुत करने की समय सीमा को बढ़ाने के लिए हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों पर, टिप्पणियां और प्रति-टिप्पणियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर क्रमशः 10 अक्टूबर 2023 और 25 अक्टूबर 2023 करने का निर्णय लिया गया है। टिप्पणियाँ/प्रति-टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने के लिए समय के किसी भी अतिरिक्त विस्तार के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. टिप्पणियाँ और प्रति-टिप्पणियां, अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में, ईमेल आईडी advbcs-2@trai.gov.in और jtadvbcs-1@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं।

6. किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री अनिल कुमार भारद्वाज, महानिदेशक ट्राई सीएसआर और सलाहकार (बीएंडसीएस) से टेलीफोन नंबर +91-11-23237922 पर संपर्क किया जा सकता है।

(**वी. रघुनंदन**)

सचिव, **भादूविप्रा**